रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 808] नई दिल्ली, मंगलवार, नवम्बर 13, 2018/कार्तिक 22, 1940
No. 808] NEW DELHI, TUESDAY, NOVEMBER 13, 2018/KARTIKA 22, 1940

IndiaCode

वित्त मंत्रालय
(आर्थिक कार्य विभाग)
अधिसूचना

नई दिल्ली, 13 नवम्बर, 2018

सा.का.नि.1107(अ).— केंद्रीय सरकार, सिक्का निर्माण अधिनियम, 2011 (2011 का 11) की धारा 24 की उप-धारा (2) के खंड (घ) और (ड.) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :-

1. संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ .—(1) इन नियमों का नाम सिक्का निर्माण (पोर्ट ब्लेयर में नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वारा तिरंगा फहराने की 75वीं जयंती के अवसर पर संस्मारक सिक्के जारी करना) नियम, 2018 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे ।

2. सिक्कों का अंकित मूल्य.—"पोर्ट ब्लेयर में नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वारा तिरंगा फहराने की 75वीं जयंती" के अवसर पर केन्द्र सरकार के प्राधिकार के अधीन जारी करने हेतु टकसाल में केवल पचहत्तर रुपये मूल्यवर्ग के सिक्कों का निर्माण किया जाएगा।

3. **सिक्कों की विमाएं और संरचना .**—नियम 2 में उपर्युक्त अंकित मूल्य के सिक्के निम्नलिखित विमाओं और संरचना के अनुरूप होंगे, अर्थात् :-

सिक्के का अंकित मूल्य	आकृति और बाह्य व्यास	दांतों की संख्या	धातु संरचना
(1)	(2)	(3)	(4)
पचहत्तर रुपये	वृत्ताकार 44 मिलीमीटर	200	**चतुर्थक मिश्र धातु** रजत– 50 प्रतिशत तांबा – 40 प्रतिशत निकल – 05 प्रतिशत जस्ता – 05 प्रतिशत

4. डिज़ाइन .— सिक्कों का डिज़ाइन इन नियमों की पहली अनुसूची में निर्दिष्ट किए अनुसार होगा।

5. मानक वजन तथा अनुज्ञात छूट.—पोर्ट ब्लेयर में नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वारा पहली बार तिरंगा फहराने की 75वीं जयंती मनाने के अवसर पर उपर्युक्त अंकित मूल्य के बनाए गए सिक्के का मानक वजन और ऐसे सिक्कों को बनाने में अनुज्ञात छूट वह होगी जो इन नियमों की दूसरी अनुसूची में विनिर्दिष्ट होगी।

पहली अनुसूची

(नियम 4 देखें)

(i) पचहत्तर रुपये

अग्र भाग

सिक्के के मुख भाग पर मध्य में अशोक स्तम्भ का सिंह शीर्ष होगा, जिसके नीचे **"सत्यमेव जयते"** उत्कीर्णित होगा, उसकी बायीं परिधि पर देवनागरी लिपि में "**भारत**" शब्द और दायीं परिधि पर अंग्रेजी में **"**INDIA**"** शब्द होगा। सिंह शीर्ष के नीचे रुपये का प्रतीक **"₹"** और अंतरराष्ट्रीय अंकों में अंकित मूल्य **"75"** भी होगा ।

पृष्ठ भाग

सिक्के के इस भाग में सेल्यूलर जेल की पृष्ठभूमि पर झण्डे को सलाम करते हुए ''Netaji Subhash Chandra Bose'' का चित्र होगा। चित्र के नीचे ''anniversary'' उत्कीर्णनन के साथ 75वीं संख्या वर्णित होगी। सिक्के की बायीं तथा दायीं परिधि पर देवनागरी लिपि में ''प्रथम ध्वजारोहण दिवस'' तथा अंग्रेजी में ''FIRST FLAG HOISTING DAY'' उत्कीर्णित होगा। सिक्कों की निचली परिधि पर अंतरराष्ट्रीय अंकों में तिथि अवधि "30.12.1943-30.12.2018'' अंकित होगी।

दूसरी अनुसूची

(नियम 5 देखें)

सिक्के का अंकित मूल्य	मानक वजन	अनुमत छूट	
		संघटन में	मानक वजन में
(1)	(2)	(3)	(4)
पचहत्तर रुपये	35 ग्राम	रजत में 1/500वां हिस्सा कम या अधिक अर्थात् रजत के अंश में प्रति 1000 में 498 से 502 तक का अंतर हो सकेगा ।	1/100वां जमा या घटा अर्थात् वजन 34.65 ग्राम से 35.35 ग्राम के बीच हो सकता है ।

[एफ. सं. 02/15/2018-सिक्का]

प्रशांत गोयल, संयुक्त सचिव

MINISTRY OF FINANCE

(Department of Economic Affairs)

NOTIFICATION

New Delhi, the 13th November, 2018

G.S.R. 1107(E).—In exercise of the powers conferred by clauses (d) and (e) of sub-section (2) of Section 24 of the Coinage Act, 2011 (11 of 2011), the Central Government hereby makes the following rules, namely:-

1. **Short title and commencement.—** (1) These rules may be called the Coinage (Issue of Commemorative Coin on the occasion of 75th Anniversary of Hoisting of Tricolour for the first time by Netaji Subhash Chandra Bose at Port Blair) Rules, 2018.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. **Denomination of Coins.—**The coin of seventy five rupees denomination shall only be coined at the Mint for issue under the authority of the Central Government on the occasion of **"75th Anniversary of Hoisting of Tricolour for the first time by Netaji Subhash Chandra Bose at Port Blair".**

3. **Dimension and composition of coins .—**The coins of the above denomination mentioned in rule 2 shall conform to the following dimensions and composition, namely:-

Denomination of the coin	Shape and outside diameter	Number of Serrations	Metal Composition
(1)	(2)	(3)	(4)
Seventy Five Rupees	Circular 44 millimeter	200	**Quaternary Alloy** Silver - 50 Per cent Copper - 40 Per cent Nickel - 05 Per cent Zinc - 05 Per cent

4. **Design.—**The design of the coin shall be as specified in the First Schedule to these rules**.**

5. **Standard weight and remedy allowed.—**The **S**tandard weight of coins of above denomination coined to commemorate the occasion of 75th Anniversary of Hoisting of Tricolour for the first time by Netaji Subhash Chandra Bose at Port Blair and the remedy allowed in making of coin shall be as specified in the Second Schedule to these rules.

First Schedule
(See Rule 4)

SEVENTY FIVE RUPEES

OBVERSE:

This face of the coin shall bear the Lion Capitol of Ashoka Pillar in the centre with the legend "**सत्यमेव जयते**" inscribed below, flanked on the left periphery with the word " **भारत** " in Devanagari script and on the right periphery with the word "INDIA" in English. It shall also bear the Rupee symbol "₹" and denominational value **"75"** in International Numerals below the Lion Capitol.

REVERSE:

This face of the coin shall bear the portrait of "Netaji Subhash Chandra Bose" saluting the flag on the background of cellular jail. A numeral 75th along with inscription "anniversary" is depicted below the portrait. The inscription "**प्रथम ध्वजारोहण दिवस**" in Devanagari script and "FIRST FLAG HOISTING DAY" in English shall be written in the left and right periphery of the coin. The date range "30.12.1943 – 30.12.2018" in international numeral shall be flanked on lower periphery of the coin.

Second Schedule
(See Rule 5)

Denomination of coin	Standard Weight	Remedy Allowed	
		In composition	In Standard Weight
(1)	(2)	(3)	(4)
Seventy Five Rupees	35 Grams	1/500th plus or minus for silver, that is to say the Silver content may vary from 498 to 502 per 1000.	1/100th plus or minus that is to say weight could be 34.65 grams to 35.35 grams.

[F.No. 02/15/2018 –Coin]

PRASHANT GOYAL, Jt. Secy.

Uploaded by Dte. of Printing at Government of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054.

ALOK KUMAR Digitally signed by ALOK KUMAR Date: 2018.11.13 16:56:35 +05'30'